सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 571 वर्ष 43

राँची, 31 अगस्त, 2021



# अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का संदेश



आज हम सब कोविड–19 महामारी की चपेट से बाहर आने की कोशिश में हैं। उससे बचने के लिए सभी जरूरी उपायों को अपना रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का यथोचित उपयोग के साथ–साथ 100% टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव कोशिश हम कर रहे हैं। अभूतपूर्व और विपरीत परिस्थितियों में भी आशा और विश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना है भले ही आज कठिनाई है, कल बेहतर होगा और यदि हम उम्मीद न छोड़ें तो भविष्य अवश्य ही बेहतरीन होगा। हमने कोविड–19 प्रोटोकोल का पालन करते हुए 75वें स्वतंत्रता दिवस को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। इस अवसर पर उन वीर शहीदों को नमन किया और देश की प्रगति व खुशहाली की कामना की।

देश की ऊर्जा आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु सीसीएल कृतसंकल्पित है। सीसीएल परिवार निरंतर कर्त्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने उत्पादन–उत्पादकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत् प्रयासरत है। हमारे परिवार का प्रत्येक सदस्य कर्तव्यनिष्ठा एवं दृढ़संकल्प के साथ अपने कार्य को निष्पादित कर रहा है। हमारा निरंतर प्रयास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय के आत्मनिर्भर भारत अभियान में सीसीएल का महत्वपूर्ण योगदान रहे। हम सिर्फ उत्पादन या उत्पादकता का ही ध्यान नहीं रखते बल्कि अपने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति पूरी सजगता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर रहे हैं। चाहे वह खान सुरक्षा से संबंधित विषय हो या फिर लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक उत्थान से हमारा सार्थक प्रयास निरन्तर जारी है और रहेगा। मैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

विगत कई वर्षों से प्रकाशित सीसीएल की पत्रिका 'अपनी बात' एक नये रूप और अंदाज में आपके समक्ष प्रस्तुत है। जिसका उद्देश्य कंपनी की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सामाजिक सरोकार आदि के कार्यों से आपको अवगत कराना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पत्रिका के माध्यम से आप सभी लाभान्वित होंगे। मैं 'अपनी बात' की टीम के इस अच्छे प्रयास की सराहना करता हूँ।

आपके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की मंगल कामनाओं के साथ पुनः धन्यवाद!

(पी. एम. प्रसाद)

# निदेशक (कार्मिक) का संदेश



हम समस्त देशवासी 75वें स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में मना रहे हैं। आज कोरोना रूपी महामारी हमारे सामने भयावह रूप लिए खड़ा है जिसने विश्व के समस्त मानव जाति के समक्ष एक अभूतपूर्व कठिन परिस्थिति प्रस्तुत कर दी है। इस महामारी को हराने के लिए यह आवश्यक है कि पूरा देश एक साथ खड़ा होकर सरकार के सारे निर्देशों का अक्षरशः पालन करे। मास्क पहनना, हाथों को निरंतर साबुन से धोना या सैनिटाइज करना, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुसरण करना हमारे और हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे इन प्रयासों से बहुत जल्द ही कोरोना वायरस से भी हमें आजादी मिलेगी।

एक सार्वजनिक उपक्रम के रूप में अपने स्टेकहोल्डर्स एवं समाज के प्रति हमारी कुछ जिम्मेदारियाँ हैं और एक जिम्मेदार उद्यम के रूप में हम हमेशा उनके निर्वहन करने के प्रयास में लगे रहते हैं। लॉकडाउन के दौरान भारतीय रेलवे द्वारा प्रवासी श्रमिकों के लिए चलाई गई "श्रमिक स्पेशल ट्रेन" से अपने परिवार के साथ वापस घर लौट रहे हज़ारो श्रमिक बंधुओं को सीसीएल टीम के द्वारा राँची, हटिया और बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर लगभग 14000 से ज्यादा फूड पैकेट्स और पानी बोतलें उपलब्ध कराई गयी। सीसीएल की मेडिकल टीम ने समय की पराकाष्ठा पर खरे उतरते हुए गांधीनगर और रामगढ़ केंद्रीय अस्पताल में 1750 से भी अधिक कोरोना संक्रमित मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर चुकी है।

इन सभी उपलब्धियाँ और सामाजिक कार्य में सीसीएल परिवार के हर एक सदस्य, विभाग और सचिवालय का सहयोग रहा है, जिसके बगैर हर एक प्रयास, पहल और कार्य अकल्पनीय है। यह उदाहरण है हमारी टीम वर्क, समन्वय और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का जिसके लिए मैं सीएमडी सीसीएल, अपने सहयोगी निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। सीसीएल परिवार द्वारा इस आपदा के दौरान अपने स्टेकहोल्डर्स के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित किया गया। कर्मियों और सीसीएल प्रबंधन के बीच विश्वास की कड़ी को और मजबूत करने का भी हमेशा हमारा प्रयास रहा है। टीम सीसीएल ने लॉकडाउन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, कर्मठता और समर्पण भाव से निभाते हुए अपने कमांड क्षेत्रों में निरंतर गरीबों, दिहाड़ी मज़दूरो एवं जरुरतमंदो के बीच खाद्य सामग्री की आपूर्ति किया गया। बरका सयाल, अरगडा, उत्तरी कर्णपुरा, राजहरा, पिपरवार, रजरप्पा, कुजू, हजारीबाग, बोकारो एवं करगली, ढोरी, कथारा, मगध–संघमित्रा, आम्रपाली–चंद्रगुप्त, गिरिडीह आदि क्षेत्रों में लगभग 490 क्विंटल खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, नमक, आटा, सरसों का तेल, सोया बरी, चूड़ा, मसाले, आलू, प्याज इत्यादि उपलब्ध कराया गया। सामुदायिक रसोई के माध्यम से लगभग 9,000 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। साथ ही कंपनी के द्वारा लगभग 24,000 परिवारों के बीच खाने का पैकेट भी वितरित किया गया। सीसीएल कमांड क्षेत्र के 37 ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों, चबूतरों, हैंड पंप के आसपास के स्थान आदि को सैनिटाइज़ किया गया है। कंपनी के द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण महिलाओं से लॉकडाउन के दौरान लगभग 4000 हस्त निर्मित मास्क क्रय कर जरुरतमंदो के बीच वितरित किया गया। मुझे उम्मीद है कि नये रूप में प्रकाशित सीसीएल की आंतरिक मासिक पत्रिका "अपनी बात" हमारे कर्मियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगी।

(पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव)

# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





सीसीएल मुख्यालय रांची तथा सभी क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2021 समारोह सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

समारोह में विशिष्ट अतिथि निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, कर्मी एवं अन्य सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सीसीएल के फेसबुक, ट्वीटर, यूट्यूब पर किया गया जिसे मुख्यालय के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में कर्मियों एवं यूनिटों, स्टेकहोल्डर्स के देखने की व्यवस्था की गयी थी।

अवसर विशेष पर समृद्धि, शांति एवं प्रगति स्वरूप तीन रंगो वाले गुब्बारे को मुख्य अतिथि, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशकगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने आकाश में उड़ाये।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मना रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुये कहा कि लगभग दो वर्षों से भारत सहित पूरा विश्व कोविड–19 महामारी के रूप में एक अभूतपूर्व चुनौती का सामना कर रहा है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्रीजी के कुशल नेतृत्व में कोरोना से बचाव के लिए पूरे देश में टीकाकरण अभियान रिकॉर्ड स्तर पर चलाया जा रहा है, उन्होंने कोविड से दिवंगत कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि सीसीएल कोरोना के इस वैश्विक आपदा से निपटने के लिए चिकित्सकीय सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में सीसीएल प्रबंधन अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य के 8 (आठ) जिलों के साथ हाल ही में लगभग 10 करोड़ रूपये का एमओयू किया है जिसमें कुल 9.58 करोड़ रूपया संबंधित जिले को दिया जा चुका है। इसके अंतर्गत सभी जिलों को आईसीयू ऑक्सीजन सप्लाई पाइपलाईन, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने, हाईटेक ऑक्सीजन सिलेन्डर युक्त एम्बुलेंस, सैनिटाइजेशन वाहन, आईसीयू उपकरण जैसी सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है जिससे कमांड क्षेत्र एवं जिले के निवासियों को इस महामारी से बचाने में मदद मिल सके। मुख्य अतिथि ने कहा कि सीसीएल अपने कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत सतत कार्य कर रहा है जैसे दिव्यांग बंधुओं को संबंधित उपकरण उपलब्ध कराना, आंगनबाड़ी केन्द्रो को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र में विकसित करना, खेल अकादमी, होटवार में महत्वपूर्ण योगदान आदि।

कोरोना की दूसरी लहर के दौरान उत्पन्न हुई विपरीत परिस्थितियों में भी टीम सीसीएल ने पूरे समर्पण से कार्य करते हुये इस वित्तीय वर्ष की शानदार शुरूआत की। पहली तिमाही में कोयला उत्पादन में 51% की वृद्धि दर्ज की है। इसी तरह पहली तिमाही में कोयला ऑफटेक में भी रिकॉर्ड 64% की बढ़त कंपनी द्वारा हासिल की गयी। पिछले वित्तीय वर्ष में रेक लोडिंग के अपने पुराने सभी कीर्तिमान को तोड़ते हुये एक दिन में 80 रेल रेक लोड करने का अप्रत्याशित रिकॉर्ड बनाया। माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के मार्गदर्शन में तथा सचिव (कोयला), डॉ अनिल कुमार जैन एवं अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राहकों के हित में उठाये गये कई कदमों के कारण पिछले एक वर्ष में देश के कोयला आयात में 13% से अधिक की कमी आई है।

आजादी की इस महान राष्ट्रीय पर्व पर कंपनी के 'उत्कर्ष पत्रिका (ई–मैगजिन)' का मुख्य अतिथि एवं निदेशकगण द्वारा विमोचन किया गया।

सीसीएल. दरभंगा हाउस, राँची में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर उनकी प्रतिबद्धता, प्रचु. रता, ईमानदारी, वफादारी एवं उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, रांची में निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

सीसीएल के सभी क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस हर्षेल्लास के साथ मनाया गया।

"हमें काम करना है और परिश्रम से करना है जिससे हमारे स्वप्न पूरे हों।"

## सीसीएल एवं जिला प्रशासन के बीच एमओयू

# आजादी का अमृत महोत्सव की समीक्षा बैठक






अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार श्री विनोद कुमार तिवारी ने सीसीएल, बीसीसीएल सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों से डिजिटल मोड से आजादी का अमृत महोत्सव का समीक्षा किया। सीसीएल एवं बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के. आर. मल्लिकार्जुना राव ने दोनों कंपनियों में चल रहे अमृत महोत्सव की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 अगस्त को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं जिला प्रशासन, राँची के बीच समझौता ज्ञापन किया गया। इस समझौते के अंतर्गत सीसीएल राँची जिला के सोनहातु एवं ओरमांझी प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कोविड वार्ड हेतु 1.126 करोड़ रुपये की लागत से 200 एलपीएम क्षमता युक्त 2 पीएसए ऑक्सीजन उत्पादन प्लांट, ऑक्सीजन पाइपलाइन प्रणाली के साथ स्थापित करेगा। यह समझौता उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त, राँची श्री छवि रंजन की अध्यक्षता में विभागाध्यक्ष (एसडी एवं सीएसआर), सीसीएल, श्री एस.एस. लाल एवं जिला प्रशासन की ओर से सिविल सर्जन, राँची ने हस्ताक्षर किया।

यह परियोजना कोविड –19 की अपेक्षित तीसरी लहर के लिए तैयारियों की दिशा में एक कदम है, साथ ही यह जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद करेगी।

# एक लाख से अधिक पौधों का रोपण एवं वितरण

माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के मार्गदर्शन में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत सीसीएल सहित सभी कोल कंपनियों में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने एवं सस्टेनेबल माईनिंग को प्रोत्साहन देने हेतु 'वृक्षारोपण अभियान–2021' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी एवं माननीय राज्य मंत्री रेल, कोयला और खान श्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने विभिन्न कोल कंपनियों में ईको पार्क का शिलान्यास एवं उदघाटन किया। मुख्यालय सहित कमांड क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का लाईव टेलिकास्ट किया गया जिसमें सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये जन–प्रतिनिधिगण, श्रमिक प्रतिनिधिगण, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, कर्मी सहित स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया। सीसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में माननीय विधायक, कांके, रांची श्री समरी लाल सहित सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री के.आर. वासुदेवन एवं अन्य अधिकारियों ने मुख्यालय दरभंगा हाउस परिसर में पौधारोपण किया।

रांची सहित सभी कमांड क्षेत्रों, खदानों और कार्यालय परिसर में 53 स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कर्मियों एवं आमजन के बीच 23 हजार पौधों का वितरण करने के साथ–साथ खदानों में लगभग 78 हजार पौधारोपण किया गया।

# श्री भोला सिंह का एनसीएल के सीएमडी के रूप में चयन



26 अगस्त को सीसीएल के निदेशक (तक.) (यो./परि.) श्री भोला सिंह को नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी के रूप में चयनित किया गया है।

ज्ञातव्य हो कि भोला सिंह का लगभग 34 वर्षों का लंबा अनुभव रहा है। श्री भोला सिंह ने आईआईटी, खड़गपुर से माईनिंग इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1987 में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल से की। श्री सिंह ने 2008 में एक अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनी में अपना योगदान दिया। उसके उपरांत श्री सिंह ने सिंगरौली (मध्य प्रदेश) के शासन पावर लिमिटेड में परियोजना निदेशक के रूप में सफलतापूर्वक योगदान देते हुए देश के पहले अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना (6X660MW) में कार्य करने का गौरव प्राप्त किया। इनके नेतृत्व में शासन परियोजना को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु माननीय राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 2017 में नेशनल सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

श्री सिंह ने 2019 में सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) (योजना/परियोजना) का प्रभार ग्रहण किया। सीसीएल को श्री भोला सिंह के अनुभव एवं तकनीकी ज्ञान का बहुत फायदा मिला एवं उन्होंने कंपनी को एक नई ऊँचाई पर ले जाने में एक अहम भूमिका निभाई।

" बेहतर पर्यावरण के लिए पौधारोपण से अच्छा कोई विकल्प नहीं। आइए मिलकर एक पेड़ लगाएँ। "

# सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' के बच्चों ने अपना परचम लहराया




सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' के बच्चों ने 2021 की सी. बीएसई की 12वी की परीक्षा में भी शानदार प्रदर्शन रहा। यहॉ के बच्चों ने 97% तक अंक लाकर अपने परिवार तथा कंपनी की गरीमा बढ़ाई है। 27 विद्यार्थियों में से 13 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक अर्जित कर अपना परचम लहराया है।

सीसीएल के लाल द्वारा प्राप्त अंक (% में) रू रोशन सिंह – 97.2, करन राज –96.6, रोशन कुमार–96.6, कुमार आयुष – 96.6, आदित्य सिंह – 95.6, शम्स आ. रीज –95.4, आशु कुमार – 95.2, मो. साहिल अमन – 94.8, अनुज कुमार – 94, आयुश आनंद – 93.2, अनुज कुमार – 91.6, अमन कुमार – 90.4, अनुराग दास – 88.6, अमन कुमार गुप्ता – 87.8।

सीसीएल की लाडली द्वारा प्राप्त अंक (% में) रू तोषी मेहता – 96.6, ऋद्धि कुमारी – 96.2, अदिति सिंह – 96, खुशबू कुमारी –95. 8, आकृति आदर्श – 95.6, तेजस्वी कुमारी – 95.4, सपना रानी – 93.8, आशी रानी – 93.4, तिथि 92.8, जया रानी 91.2, मुस्कान गुप्ता 90.6, श्रुति कुमारी 90.4, सपना कुमारी 87।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल के लाल एवं लाडली योजना में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क आईआईटी में प्रवेश के लिए तैयारी करवायी जाती है।

सीएमडी सीसीएल श्री पी एम प्रसाद एवं निदेशकगण ने सभी बच्चों की इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

# निदेशक (का.) ने 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' सेन्टर का निरीक्षण किया

04 अगस्त को सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के. आर. मल्लिकार्जुना राव ने सीएसआर द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल के लाडली' सेन्टर का दौरा किया। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल के लाडली' के क्लासेस ऑनलाईन माध्यम से चल रहा था एवं यह सेन्टर बंद था। श्री राव 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल के लाडली' के क्लासरूम एवं होस्टल का निरीक्षण किया। श्री राव होस्टल में और बेहतर सुविधा को उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये ताकि छात्र–छात्राओं को शिक्षण के दौरान कोई परेशानी न हो। इस अवसर पर प्रशिक्षण दे रहे शिक्षकों से बातचीत किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली के बच्चों का चयन 10वीं कक्षा के बाद किया जाता है। सभी छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा के साथ–साथ आईआईटी–जेईई का भी निरूशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।



# निदेशक (का./औ.सं.), सीआईएल की अध्यक्षता में 'कल्याण बोर्ड, सीआईएल' की परिचयात्मक बैठक

23 अगस्त को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस में कल्याण बोर्ड, कोल इंडिया लिमिटेड' की 'परिचयात्मक बैठक' आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता कोल इंडिया के निदेशक (का./औ.सं.), श्री विनय रंजन ने किया। बैठक में कल्याण बोर्ड के माननीय सदस्यगण श्री अशोक मिश्रा (बीएमएस), श्री एस.के. पाण्डेय (एचएमएस), श्री अशोक कुमार यादव (एआईटीयूसी) एवं श्री पी.एस. पाण्डेय (सीटू) सहित कोल इंडिया के एक्जिक्यूटिव निदेशक (सीडी एवं वेलफेयर) श्री बी. साईराम, उप महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेणु चतुर्वेदी, मुख्य प्रबंधक/निदेशक (का./औ.सं.) के तकनीकी सचिव श्री गौतम बनर्जी, श्री मुलचन्द्र सिंह एवं महाप्रबंधक (कल्याण), सीसीएल डॉ. ए.के. सिंह इस बैठक में उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुये निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध), कोल इंडिया, श्री विनय रंजन ने माननीय सदस्यों को विश्वास दिलाया कि कंपनी कर्मियों के हित के लिए प्रतिबद्ध है और इस संबंध में गुणात्मक सुधार के साथ अधिक से अधिक कल्याण संबंधी कार्य किये जा रहे हैं। श्री रंजन ने कहा कि सस्टेनेबल माईनिंग के अंतर्गत कंपनी कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बैठक के दौरान श्री रंजन ने कोरोना की विरूद्ध लड़ाई में कर्मियों के योगदान के बारे में भी उल्लेख किया तथा कोरोना के कारण दिवंगत कर्मियों को श्रद्धांजलि दिये।

बैठक में उपस्थित वेलफेयर बोर्ड के माननीय सदस्यगण ने कल्याण संबंधी अपने–अपने सुझाव दिये।

# आकांक्षा कुमारी बनी सीसीएल की पहली महिला माइनिंग इंजीनियर






नारी एक शक्ति है ––– वह सशक्त है, सक्षम है और सुदृढ़ है। आज वह सेना से लेकर ओलिंपिक तक देश की हर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को अपने मजबूत कंधो पर लिए हुए है। वो राफेल भी उड़ा रही है और देश की अर्थव्यवस्था भी संभाल रही है। कोयला जगत के चुनौतिपूर्ण क्षेत्र में भी वह अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बनीं बड़कागॉव, हजारीबाग की रहने वाली आकांक्षा कुमारी। आकांक्षा पूरे कोल इंडिया की दूसरी और भूमिगत खदान में योगदान देने वाली पहली महिला माइनिंग इंजीनियर हैं। उन्होंने नॉर्थ कर्णपूरा क्षेत्र के चूरी भूमिगत खदान में अपना योगदान दिया। सीसीएल ही नहीं कोल इण्डिया लिमिटेड के इतिहास में यह एक गौरव का पल है।

बड़कागांव, हजारीबाग की रहने वाली आकांक्षा ने अपनी स्कूली पढ़ाई नवोदय विद्यालय से की। बचपन से ही अपने आसपास कोयला खनन की गतिविधियों को उन्होंने करीब से देखा है जिसके चलते खनन के प्रति उनकी रूचि और झुकाव शुरू से ही रही है। इस रूची को आगे बढ़ाते हुये आकांक्षा ने इंजीनियरिंग में माइनिंग ब्रांच को चुना। उन्होंने वर्ष 2018 में बीआईटी (सिंदरी), धनबाद से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कोल इंडिया में अपना योगदान देने से पहले उन्होंने तीन वर्षों तक हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की राजस्थान स्थित बल्लारिया खदान में कार्य किया। आकांक्षा के पिता एक स्कूल टीचर है एवं माता गृहणी हैं।

आकांक्षा ने अपने इंजीनियरिंग कोर्स में माइनिंग को चूनकर न सिर्फ इस भ्रांति को तोड़ा है कि खनन क्षेत्र सिर्फ पुरूषों के लिए है बल्कि अपने जैसे और भी महत्वाकांक्षी छात्राओं को भी प्रेरित किया है। झारखंड की बेटी, आकांक्षा की इस उपलब्धि ने खनन क्षेत्र में महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत और असीम संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के सा. थ–साथ सीएमडी, सीसीएल श्री पी एम प्रसाद, सभी निदेशकगण एवं सीसीएल वृहद परिवार आकांक्षा को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

30 अगस्त को मुख्यालय, दरभंगा हाउस रांची में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक), सीसीएल श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्याम से किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित राजभाषा के नोडल अधिकारी सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

निदेशक (कार्मिक), श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव ने उपस्थित सभी को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि हिन्दी को बढ़ावा देना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि सभी अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करें जिससे राजभाषा का विकास शत प्रतिशत हो साथ ही दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें।

# सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री मो. हन विष्णुपंत राजिमवाले, महाप्रबंधक (माइनिंग)/सीएमडी के तकनी. की सचिव, सीएमडी सचिवालय; सुरेश कुमार, महाप्रबंधक (आई.ई.)/ विभागाध्यक्ष, आईई विभाग; डॉ. मनोज कुमार, उप सीएमओ, मेडि. कल विभाग; अनिल कुमार परधीया, वरीय लिपिक (स्पेशल ग्रेड), सुरक्षा विभाग; रबिन्द्र कुमार गुप्ता, अकांटेंट, ग्रेड 'I', वित्त निदेशक कार्मिक विभाग; कामेश्वर सिंह, वरीय डाटा इंट्री ऑपरेटर, प्रशासन विभाग; चित रंजन बेरा, कुक, ग्रेड 'III', कल्याण विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से श्री रामपाल सिंह, वरीय ड्रेसर/ओटी सहायक को 31 अगस्त को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से अगस्त माह में 91 सेवानिवृत कर्मियों को भी कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। अवसर विशेष पर सीसीएल द्वारा निर्मित सेवा. निवृत कर्मियों पर फिल्म का प्रदर्शन 'सम्मान समारोह' के दौरान किया गया। फिल्म (विडीयो) के माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया।

इस अवसर पर निदेशकगण सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Pralhad Joshi** @JoshiPr... · 31 Aug

Progressive Governance: To promote gender equality & generate more opportunities, Govt under PM @narendramodi ji allowed women to work in underground coal mines.

Ms Akanksha Kumari becomes the 1st woman mining engineer in @CoalIndiaHQ to work in an underground mine.
@smritiirani




31 228 920

**Central Coalfields Limi...** · 31 Aug

CCL gets its first ever #women mining engineer, Ms Akanksha Kumari.

A graduate of BIT Sindri, Ms Kumari broke the gender barriers by joining Churi UG mine, NK Area. She became the 1st women mining engineer in the history of CIL to work in underground mines

Salute to #WomenPower




Pralhad Joshi and 9 others

95 179 434

## झलकियाँ












सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)